### एक नजर में



## आजीविका फ्रेश मेला का भ्रमण किया

**सागर.** मकरोनिया में आयोजित आजीविका फ्रेश मेला में संकल्प फाउंडेशन अध्यक्ष एवं युवा भाजपा नेता रिशांक तिवारी ने स्वसहायता समूहों द्वारा तैयार उत्पादों की सराहना की एवं मेला का भ्रमण कर खरीददारी करते हुए इस पहल का हिस्सा बने समूहों द्वारा तैयार किए गए उत्पादों की सराहना की.



## अहीर रेजिमेंट को लेकर रज कलश यात्रा

**राहतगढ़.** अखिल भारतीय यादव महासभा अहीर रेजिमेंट की मांग को लेकर पूरे देश में शहीदों की रज कलश में लेकर यात्रा निकाली जा रही है. देश में बीते 168 दिन से लगातार चल रही यात्रा का तेलंगाना के किरण कुमार एवं मध्यप्रदेश यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पुष्पेंद्र यादव के नेतृत्व में अभियान चलाया जा रहा है. अभी तक यात्रा देश के 400 जिलों से होकर दो सौ जिलों में जाएगी. दिल्ली में यात्रा का समापन 18 नवंबर को होगा.



## वन परिक्षेत्र ग्राम पौडी में पौधारोपण

**गौरझामर.** ग्राम पौड़ी में 0.500 हेक्टेयर भूमि की फेंसिंग करने के उपरांत पौधारोपण का कार्य का कार्य किया गया. इस दौरान कृष्णपाल सिंह राजपूत सरपंच ग्राम पंचायत जैथारी, राजू सिंह ठाकुर सरपंच ग्राम पंचायत थावरी, राजकुमार सिंह ठाकुर पूर्व सरपंच, वन परिक्षेत्र अधिकारी गौरझामर दीपांकर सिंह, परिक्षेत्र सहायक पड़रई वीरेंद्र शुक्ला, वनरक्षक वृजनारायन तिवारी, नीतेश अहिरवार, वन सुरक्षा समिति पौडी, भिलैया के सदस्य उपस्थित रहे.



## मरीजों के परिजनों ने ली शपथ

**सागर.** समाज में मानसिक स्वच्छता की अलख जगाने हेतु चल रहे वैचारिक स्वच्छता अभियान के अंतर्गत निजी नर्सिंग होम में शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया. अभियान की संस्थापक डॉ. वंदना गुप्ता ने शपथ दिलाई कि वे जीवन में कभी भी मां, बहन, बेटी की गाली का प्रयोग नहीं करेंगे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे. क्योंकि गाली विकृत व आपराधिक मानसिकता को दर्शाती है. इस अवसर पर कंचन केसरवानी, प्रीति केसरवानी, विनीता केसरवानी, संध्या केसरवानी, रुक्मणि केसरवानी, डॉ. रामानुज गुप्ता, डॉ. ऐश्वर्य गुप्ता, सर्वश्री गुप्ता मौजूद रहीं.



## गरबा : हर कदम में माँ शक्ति का स्पंदन

**सागर.** चकराघाट स्थित मल्ली माता मंदिर में बाज खेड़ावाल गुजराती समाज द्वारा गरबा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है. इस अवसर पर समाज की डॉ. चंचला बेन दवे ने कहा कि गरबा केवल मनोरंजन नहीं, यह माँ शक्ति से मिलने का एक दिव्य माध्यम है, जहां हर पग, हर घूर्णन भक्ति और जीवन चक्र का एक प्रतीक है, यह हमारी सांस्कृतिक आत्मा का प्रतिबिंब है. अनिल सेलट ने भी गरबा के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला.



## मासिक ध्वज वंदन कार्यक्रम आयोजित हुआ

**सागर.** कांग्रेस शहर सेवादल ने गौर मूर्ति के नजदीक तीन बत्ती पर एकता काली कमेटी के दुर्गा पंडाल में झंडावंदन कार्यक्रम संपन्न हुआ. मुख्य अतिथि शिवांगी चौबे द्वारा ध्वजारोहण किया गया. शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे ने बताया कि लगभग 6 वर्षों में इस शहर में मासिक ध्वजारोहण का यह 74 वां आयोजन है. संचालन द्वारका चौधरी द्वारा किया गया. कार्यक्रम के अंत में पूर्व सांसद नंदलाल चौधरी, गांधीवादी नेता और वरिष्ठ कांग्रेसी सुखदेव तिवारी की धर्मपत्नी विधावती तिवारी, शिक्षाविद् जे पी पांडे, वरिष्ठ कांग्रेसी इम्तियाज हुसेन के स्वर्गवास पर शोक व्यक्त किया. कार्यक्रम में किरणलता सोनी, पप्पू गुप्ता, जितेन्द्र रोहण, हरिश्चंद्र सोनवार, प्रेमनारायण विश्वकर्मा, शरद पुरोहित, दीनदयाल तिवारी, लीलाधर सूर्यवंशी, भैयन पटेल, नितिन पचौरी, हेमराज रजक, कल्लू पटेल, प्रवीण यादव, राहुल खटीक, पंकज सोनी, लल्ला यादव, रवि जैन, पप्पू सैनी, जुगल यादव, हरिओम चौबे, पं.पवन चौबे उपस्थित रहे.

# बेमौसम बरसात से किसान परेशान

## खाद की समस्या से जूझ रहे अन्नदाताओं पर मौसम की मार से मुश्किलें और बढ़ गई हैं

नवभारत न्यूज

**बीना 29 सितंबर. इन दिनों क्षेत्र के किसान बेमौसम आफत की बारिश से परेशान हैं. पहले अतिवृष्टि हुई जिसके कारण इस बार पैदावार पर भी काफी असर आया है एक और जहां किसान खाद की समस्या से जूझ रहे. अन्नदाताओं पर मौसम की मार ने उनकी मुश्किलें और बढ़ा दी हैं.**



जानकारी के अनुसार अनुमान है कि इस बेमौसम बारिश से क्षेत्र के 80 प्रतिशत किसानों को नुकसान हुआ है. कई किसानों की खेतों में फसल कटकर डाली हुई थी, जो बारिश के कारण भीग गई कई किसानों की फसलें खड़ी हैं, जिन्हें बारिश से नुकसान पहुंचा है. खाद की किल्लत से पहले ही जूझ रहे किसानों पर मौसम की इस मार ने अतिरिक्त बोझ डाल दिया है. अनुमान है कि क्षेत्र के 80 प्रतिशत किसानों को इस बेमौसम बारिश से नुकसान हुआ है. किसानों की फसलें खराब होने से उनकी आर्थिक स्थिति पर विपरीत प्रभाव पड़ने की आशंका है. किसानों की चिंता लगातार बढ़ती ही जा रही है किसान पहले से ही खाद और अन्य संसाधनों की कमी से जूझ रहे थे बेमौसम बारिश ने उनकी फसलों को नुकसान पहुंचाकर उनकी परेशानियों को और बढ़ा दिया है. किसान नेता इंदर सिंह ठाकुर सहित अन्य किसानों ने सरकार और प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि उन्हें इस नुकसान के लिए उचित मुआवजा और राहत प्रदान की जाए, किसानों को खाद और अन्य संसाधनों की आपूर्ति सुनिश्चित की जावे.

> रहली में मानसून की विदाई के साथ तेज बारिश हवा से खरीफ 2025 मे कटाई के लिए खेतों मे पककर तैयार खड़ी सोयाबीन की फसल मे जलभराव होने से अब बहुत ज्यादा नुकसान हो गया है. तेज बारिश के कारण एक बार फिर रहली, गढ़ाकोटा के ग्राम रेंगुवा, घोनो, चरखारी, खैजरा, घोघरा, दत्तपुरा, मगरधा सहित आसपास के कई गांवों मे सोयाबीन की पककर तैयार एवं खेतों मे कटी डली फसल को बहुत ज्यादा नुकसान हो गया. मौसम विभाग के द्वारा आगामी तीन-चार दिन तेज बारिश होने की सूचना भी जारी की गई है जिससे सोयाबीन किसान बहुत ज्यादा चिंतित है और सरकार से फसलों में हुए नुकसान की कृषि विभाग, एआईसी बीमा कंपनी, राजस्व विभाग से जल्द से जल्द सर्वे कर राहत राशि, बीमा राशि दिलवाने की मांग कर रहे हैं.

# समय सीमा में निराकरण नहीं करने पर सचिवों पर जुर्माना

नवभारत न्यूज

**सागर 29 सितंबर. कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट संदीप जी.आर. के आदेशानुसार, अपने कार्यों के प्रति लापरवाही और प्रकरणों का निराकरण समय सीमा के अंदर नहीं करने पर विभिन्न ग्राम पंचायतों के सचिवों पर जुर्माना लगाया है.**

> कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय से जारी जुर्माना आदेश के अनुसार जनपद पंचायत बंडा के सतीश तिवारी सचिव, ग्राम पंचायत कार्यालय ग्राम पंचायत बिहारीपुरा जनपद सागर, जितेंद्र राजपूत, सचिव, ग्राम पंचायत सरखडी जैसीनगर, संतोष तिवारी, सचिव, ग्राम पंचायतचकेरी जैसीनगर, रामकुमार चौबे पंचायत साजी बंडा, जमना दुबे, ग्राम पंचायत कलराहो बंडा, रामकुमार चौबे, ग्राम पंचायत पिडरूआ बंडा, रणवीर सिंह ठाकुर ग्राम पंचायत चकेरी बिनैका बंडा, गौर कृष्ण दास ठाकुर ग्राम पंचायत कंदारी बंडा, राजेंद्र ठाकुर ग्राम पंचायत वीजरी बंडा, भगवानदास बैरागी, ग्राम पंचायत नैनधरा बंडा, भगवान सिंह लोधी ग्राम पंचायत चारौधा अण्डा, हरिकांत दुबे, ग्राम पंचायत बरखेरा सिकंदर रहली, कुंजन लोधी, ग्राम पंचायत बाकोरी केसली, नरेंद्र पाल, ग्राम पंचायत नयानगर केसली, सतीश तिवारी ग्राम पंचायत खेरीकला केसली, संतोष राजपूत धावरीउमरिया केसली, कमल अहिरवार ग्राम पंचायत केसली जनपद केसली, बलवंत सिंह, पंचायत देहुक्षुआ केसली, तुलसीराम विश्वकर्मा मोहासा केसली, रामप्रकाश यादव, पलोहा केसली शामिल है.

# ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करें

नवभारत न्यूज

**सागर 29 सितंबर. नगर निगम के साधारण सम्मेलन में मधुकरशाह वार्ड की कांग्रेस पार्षद रिचा सिंह ने कई गंभीर मुद्दे उठाते हुए निगम प्रशासन पर सवाल खड़े किए.**

पार्षद रिचा सिंह ने कहा कि पिछली परिषद की बैठक में तय हुआ था कि यदि कोई ठेकेदार 15 प्रतिशत से ज्यादा व्लो पर टेंडर डालता है या करता है तो उसकी विशेषज्ञों द्वारा जांच कराई जाएगी. लेकिन आज तक किसी कार्य की जांच नहीं हुई.

> पार्षद रिचा सिंह ने साधारण सम्मेलन में निगम ठेकेदार मोनू शुक्ला पर आरोप लगाते हुए कहा कि मेरे वार्ड में पार्षद निधि से तीन सड़कों का निर्माण होना था, लेकिन ठेकेदार ने केवल दो ही सड़कें बनाई. तीसरी सड़क आज तक अधूरी है, जबकि मेरे द्वारा लिखित शिकायत देने के बावजूद निगम ने कोई कार्रवाई नहीं की है. पार्षद ने ठेकेदार और संबंधित इंजीनियर पर तत्काल कार्रवाई कर ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने की मांग साधारण सम्मेलन में रखी. पार्षद ने कहा कि शहर में आवारा मवेशियों एवं स्ट्रीट डॉग का आतंक इतना बढ़ गया है कि बच्चे स्कूल जाने से डरते हैं और महिलाएं घर से निकलने में असुरक्षित महसूस करती हैं.

# नशे से दूर रहें और दूसरों को भी प्रेरित करें

नवभारत न्यूज

**सागर 29 सितंबर. विद्योदय तीर्थ में चल रहे 720 समोशरण विधान में मुनिश्री विमल सागर महाराज ने आव्हान किया कि किसी भी प्रकार के नशे से आप दूर रहे और दूसरों को भी नशा न करने के लिए प्रेरित करें नशा करने से शरीर का नुकसान होता हैं, परिवार और समाज में भी आपको हेय की दृष्टि से देखा जाता है इसलिए ना तो आप स्वयं नशा करें और दूसरों के लिए भी नशा नहीं करने के लिए प्रेरित करें.**



मुनि श्री ने कहा कि आपको 720 भगवानों के एक साथ एक स्थान पर दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है इसलिए इस स्थान पर ही यदि आप नशा करते हैं तो आप उसका त्याग करें भले ही तंबाकू, गुटखा, शराब आदि का हो मुनि श्री ने जैन समाज के लोगों से उद्घोष किया दिन में शादी और दिन में भोज का नियम ले और दूसरों को भी प्रेरित करें दिन में भोजन करने से जीव हिंसा नहीं होती है और आप पाप से बच जाते हैं. पाप ही दुख का मूल कारण है यदि आप यात्रा करते हैं तो प्रयास करें कि दिन में यात्रा करें रात में नहीं यदि रात में यात्रा करते है हजारों जीव की हिंसा हो जाती है और पाप के भागी बन जाते हैं.

## बीएमसी में श्रमदान

**सागर.** समुदायिक भागीदारी एवं श्रमदान के माध्यम से स्वच्छता अभियान संचालित किया गया. अभियान में चिकित्सा महाविद्यालय के डॉक्टर रेजडिंशियल क्षेत्र की सफाई की गई. इस अवसर पर बीएमसी अधिष्ठाता डॉ. पी.एस. ठाकुर, अधीक्षक डॉ. राजेश जैन, डॉ. सर्वेश जैन, डॉ. रुपाली जैन, डॉ. अमरनाथ गुप्ता, डॉ. मनीष जैन, डॉ. शैलेन्द्र पटेल, नोडल अधिकारी डॉ. एस.पी. सिंह, अभिषेक व्यास, सोनू चुटीले एवं हाउसकीपिंग स्टाफ ने भागीदारी करते हुए सफाई कार्य में योगदान दिया तथा स्वच्छता का संदेश प्रसारित किया.

# पीएमश्री स्कूल में स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**सागर 29 सितंबर. अलायंस क्लब सुगंध शाखा मातृ छाया क्लीनिक होम द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता एवं मानसिक विकास कार्यक्रम पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरारू में आयोजित किया गया.**

डॉ. संजय जैन ने योग, ध्यान और आध्यात्मिक अभ्यास के माध्यम से बच्चों को परीक्षा और पढ़ाई के समय तनाव को नियंत्रित करने के व्यावहारिक उपाय बताए. डॉ.लखन लाल पटेल ने हृदयाघात के कारण, बचाव के उपाय, घरेलू औषधियों के प्रयोग के बारे में जानकारी दी.




> साथ ही किसी को हृदयाघात होने पर कार्डियोपल्मोनरी रेससिटेशन कैसे किया जाए, यह भी सिखाया. अभी तक 5000 से ज्यादा छात्र और शिक्षकों प्रशिक्षण दे चुके हैं. डॉ पटेल का उद्देश्य है की हार्ट अटैक के समय कम से काम अस्पताल या हॉस्पिटल तक पहुंच सके जिससे उसका समय इलाज हो सके. डॉ. काजी वसीम ने बताया कि कैसे अपने लक्ष्य निर्धारित करें और उसे प्राप्त करने के लिए रणनीतिक तैयारी करें, जिससे उनका अध्ययन और व्यक्तिगत जीवन दोनों सफल हो सकें. वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. दिवाकर मिश्रा ने बच्चों को हृदय और हृदयाघात के बारे में जानकारी देते हुए मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य बनाए रखने के उपाय सुझाए और बच्चों में मानवीय गुणों तथा सकारात्मक सोच के विकास पर जोर दिया.



## जलंधर पहुंची चुनरी यात्रा

**राहतगढ़** जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम पंचायत पीपरा से शारदीय नवरात्रि के मौके पर ग्रामीणों ने चुनरी यात्रा निकाली गई. यह चुनरी यात्रा लगभग 7 ग्रामों के मार्गों से होकर मां ज्वाला देवी मंदिर जलंधर पहुंची और श्रद्धालुओं ने मातारानी को चुनरी अर्पित कर क्षेत्र में सुख समृद्धि की कामना की.

# पीटीएस में गरबा आयोजित

नवभारत न्यूज

**सागर 29 सितंबर. नवरात्रि के पर पुलिस ट्रेनिंग स्कूल पीटीएस के प्रांगण में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे नव प्रशिक्षु आरक्षकों के लिए पुलिस अधीक्षक लवली सोनी के निर्देशन में दुर्गा पूजा व गरबा रास का आयोजन किया गया.**



इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्रीमती सोनी ने कहा कि भारतीय त्यौहार संस्कृति से जोड़ने का काम करते हैं. इसी ध्येय को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के विभिन्न दूर दराज के अंचलों से यहां प्रशिक्षण प्राप्त करने आए नव आरक्षकों के लिए ट्रेनिंग के दौरान इस तरह के आयोजन किए जाते है. पुलिस प्रशिक्षण शाला द्वारा आयोजित गरबा रास में प्रतिभागियों को एसपी श्रीमती सोनी ने पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया. इस दौरान डॉ संदीप सबलोक, ज्ञानेंद्र शुक्ला, दीपाली पांडे, निवेदिता सोनी, अफरोज खान, केशव नारायण, मनीषा सिंह राठौर, हिमांशु भिंडया मौजूद रहे.



# निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**सागर 29 सितंबर. विधायक शैलेंद्र जैन ने तिली वार्ड स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के नवीन भवन निर्माण कार्य का निरीक्षण किया. यह भवन लगभग 1 करोड़ रुपए की लागत से बनाया जा रहा है.**

निरीक्षण के दौरान विधायक श्री जैन ने कहा कि जब वे पहली बार इस शाला में आए थे, तब उन्होंने देखा कि यहां की बच्चियों की शिक्षा के प्रति गहरी रुचि है और शिक्षक भी पूरे मनोयोग से अध्यापन कार्य कर रहे हैं, किंतु भवन की कमी के कारण विद्यालय को दो शिफ्टों में संचालित करना पड़ता था. विद्यालय परिसर को और अधिक सुविधायुक्त बनाने के लिए जनभागीदारी एवं विधायक निधि से मैदान का सौंदर्यीकरण एवं आवश्यक सुविधाएं विकसित की जा रही हैं. निरीक्षण के दौरान आर्ट एंड कॉमर्स कॉलेज जनभागीदारी समिति अध्यक्ष नितिन बंटी शर्मा भी मौजूद रहे.



## शिमला में प्राचार्य डॉ. फुसकेले हुए सम्मानित

**सागर.** शिमला में आयोजित एडुस्किल्स समिट में बाबूलाल ताराबाई इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड टेक्नोलॉजी, सिरोंजा को सेंट्रल जोन का बेस्ट परफॉर्मिंग इंस्टीट्यूट तथा एआई एक्सीलेंस अवार्ड से नवाजा गया. प्राचार्य डॉ. वीरेश फुसकेले को एडुस्किल्स कनेक्ट और एडुस्किल्स एचआर समिट एआई फॉर एआई पर एक नेक्स्ट जेन स्किल कॉन्क्लेव, शिमला में दो प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है. इस उपलब्धि पर चेयरमैन संतोष जैन घड़ी, सचिव डॉ. सत्येन्द्र जैन ने हार्दिक बधाई दी है.

# भगवान कृष्ण की शिक्षाओं को आत्मसात करें

## यादव समाज के सामुदायिक भवन निर्माण का भूमि पूजन

**बांदरी 29 सितंबर। युवा भाजपा नेता अविराज सिंह ने कहा कि उज्जैन के सांदीपनि आश्रम से भगवान श्री कृष्ण ने शिक्षा प्राप्त करके जो संदेश दिया, वह यह था कि गुरु सेवा, निरंतर अभ्यास, सतत प्रयास, एकाग्रता और अपने कर्म के प्रति समर्पित होकर ही मनुष्य जीवन में लक्ष्य हासिल कर सकता है। भगवान कृष्ण ने गुरुकुल पद्धति से शिक्षा ली थी।**




अविराज सिंह आज विधायक व पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह द्वारा स्वीकृत 25 लाख की लागत से बनने वाले यादव समाज के सामुदायिक भवन निर्माण भूमि पूजन कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण द्वारा दिया गया ज्ञान वैसे तो हर मनुष्य के लिए जीवन में एक आदर्श मार्गदर्शक की भूमिका निभाता है लेकिन छात्रों को एक आदर्श जीवन और सफल जीवन का रास्ता अपनाने के लिए श्रीकृष्ण और उनके जीवन से मिलने वाली इन शिक्षाओं का पालन अनिवार्य तौर पर करना चाहिए।उन्होंने समाज को आगे बढ़ाने के लिए आने वाली पीढ़ी को नशा से दूर रखने और शिक्षित करने प्रेरित किया।उन्होंने आह्वान किया कि किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहे और दूसरों को भी नशा न करने के लिए प्रेरित करें। नशा करने से शरीर का नुकसान होता हैं, परिवार और समाज में भी आपको हेय की दृष्टि से देखा जाता है।यदि आप नशा करते हैं तो आप उसका त्याग करें भले ही तंबाकू, गुटखा, शराब आदि का हो।

**नवरात्र विशेष** — एनएच-44 सागर-ललितपुर मार्ग पर प्रसिद्ध मां हिंगलाज देवी का मंदिर

# आस्था : मां हिंगलाजदेवी मंदिर में अज्ञातवास के दौरान आए थे पांडव

नवभारत न्यूज
(दिवाकर वर्मा)

**बांदरी 29 सितंबर. सागर-झांसी नेशनल हाइवे फोरलेन पर बांदरी से दक्षिण में कोई 7 किमी की दूरी पर धसान-कढ़ान नदी के पावन तट पर अति प्राचीन मां हिंगलाज देवी का मंदिर है.**

मेहर के मां हिंगलाजदेवी मंदिर में अज्ञातवास के दौरान पांडव आए थे. इस मंदिर में मां हिंगलाज देवी के अलावा भगवान शिव, बारह



ज्योर्तिलिंग, काल भैरव, रामदरबार भी है, प्राचीन शिवलिंग भी है. बताते हैं कि इस शिवलिंग की स्थापना अज्ञातवास के दौरान पांडवों ने कराई थी. लगभग चार सौ साल पुराने मंदिर प्रांगण में विशाल पीपल, बरगद, बेलपत्र के पेड़ भी लगे हुए हैं जो यहां आध्यात्मिक वातावरण को बढ़ा देते हैं. मां हिंगलाज देवी मंदिर के पास एक रहस्मयी गुफा है जिसका गुप्त मार्ग गढ़पहरा स्थित अनगढ़ देवी तक जाता है. वैसे तो यहां पूरे साल भक्त आते हैं पर नवरात्र में यहां का महत्व और भी बढ़ जाता है. मंदिर ट्रस्ट द्वारा मंदिर परिसर में बारह ज्योर्तिलिंग की भी स्थापना की गई है. इन शिवलिंगों के दर्शन कर शिवभक्त धन्य हो जाते हैं. बरसात के दिनों में एक सुराग से स्वयं धसान-कढ़ान नदी गुसेश्वर महादेव का अभिषेक करने आती हैं.



मेहर के प्रतिष्ठित समाजसेवी व आस्थावान राम सिंह साहू बताते हैं कि नवरात्रि आते ही मां हिंगलाज देवी के दरबार में चहल-पहल बढ़ गई है. यहां आने के बाद श्रद्धालुओं को असीम शांति मिलती है और कष्ट सहज ही दूर होते हैं, मां के आशीर्वाद का वर्णन शब्दों में नहीं किया जा सकता है, केवल अनुभूति की जा सकती है. श्री साहू बताते हैं एक समय मंदिर के पास लोग जाने में डरते थे क्योंकि मंदिर के पास नदी में जंगली जानवर पानी पीते आते थे, समय के साथ मेहर की आबादी बढ़ने लगी, लोग यहां पर पूजा करने आने लगे, साधु- संतों ने रहना प्रारंभ कर दिया. मंदिर परिसर में कई साधु-संतों की समाधि बनी हैं.



मंदिर के पुजारी रामनारायण दुबे बताते हैं कि नवरात्र में प्रतिदिन मंदिर के पुजारी द्वारा मां हिंगलाज देवी जी का नयनाभिराम श्रृंगार किया जाता है, जो भक्त मां के श्रृंगार में योगदान देता है उसको असीम सौभाग्य की प्राप्ति होती है. कोई भी शुभ कार्य शुरू करने से पहले मेंहर तथा आसपास के लोग दर्शन करने जरूर आते हैं.



## भूमि को सिल्वर मैडल

**सागर.** 54 वी केन्द्रीय विद्यालय संगठन एथलेटिक्स नेशनल प्रतियोगिता केरल में आयोजित एथलेटिक्स प्रतियोगिता में एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र खेल परिसर के दो खिलाड़ी दुष्यंत राज और भूमि चौरसिया ने भाग लिया. जिसमें भूमि ने हैमर थ्रो में सिल्वर मेडल जीता. वह एथलेटिक्स प्रशिक्षक मंगल सिंह यादव के मार्गदर्शन में नियमित रुप से तकनीकी अभ्यास प्राप्त करती हैं.